जनपद बाराबंकी

दिनांक- 16/03/2025

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 15/16.03.2025 को 07 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 80 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

01.➡ थाना देवा पुलिस द्वारा 04 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 01 अदद आलाकत्ल लोहे का सब्बल बरामद-

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.03.2025 को मु0अ0सं0 167/2025 धारा 115(2)/352/351(3)/105 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. मुन्नौवर पुत्र बचान, 2. इसरार, 3. निसार उर्फ छोटू पुत्रगण मुन्नौवर, अभियुक्ता 4. सिबा बानो पत्नी इसरार निवासीगण ग्राम जोलिया थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद आलाकत्ल लोहे का सब्बल बरामद किया गया।

02.➡ थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.03.2025 को मु0अ0सं0 99/2025 धारा 3(5)/115(2)/352/351(3)/127(2)/108 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. रामकुमार उर्फ रामू, 2. मनीष द्विवेदी पुत्रगण अशोक द्विवेदी निवासीगण ग्राम गोबरहा मजरे करौनी थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

03.➡ थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.03.2025 को मु0अ0सं0 753/2024 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमित कुमार उर्फ कज्जर पुत्र मिश्रीलाल रावत निवासी ग्राम ढकरिया मजरे खेवल्ली थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

04.➡थाना कुर्सी पुलिस द्वारा खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर आवेदक के किया गया सुपुर्द-

आवेदक राम प्रकाश निवासी कामीपुर थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी द्वारा अपना मोबाइल फोन दिनांक 08.05.2025 को थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत गुम हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दिया गया। थाना कुर्सी पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री तेजबहादुर सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर राघवेन्द्र पाण्डेय द्वारा CEIR पोर्टल व सर्विलांस सेल की मदद से खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर आज दिनांक 16.03.2025 को मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया।

05.➡थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर आवेदक के किया गया सुपुर्द-

आवेदक गौरव पटेल निवासी सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा अपना मोबाइल फोन दिनांक 29.05.2024 को थाना कुर्सी कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत गुम हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दिया गया। थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुराग मिश्रा द्वारा CEIR पोर्टल व सर्विलांस सेल की मदद खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर आज दिनांक 16.03.2025 को मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया।